## संपादकीय

# स्मार्ट तकनीक और सच का सामना

उस स्मार्ट फ्रिज के सेल्समैन ने बताया कि इस कदर धांसू और कनेक्टेड है हमारा फ्रिज कि आप इसे अपने मोबाइल से कनेक्ट कर दें तो यह आपके लोकेशन के अंदाज से अपना काम करेगा। आप घर के करीब हैं यानी आप घर पर आकर चाय पीयेंगे तो दूध का टेंपरेचर यह बढ़ा देगा। आप घर से दूर हैं तो लोकेशन ताड़कर स्मार्ट फ्रिज खुद-ब-खुद दूध का टेंपरेचर गिराकर ठंडा कर देगा ताकि दूध ज्यादा लंबे समय तक सेफ बना रह सके।

स्मार्ट फ्रिज को मोबाइल से जोड़ दीजिये, मोबाइल आपकी लोकेशन से जुड़ा रहेगा तो फ्रिज एकदम फिट काम करेगा। हम कहां हैं, यह लोकेशन सबको पता रहे तो घरों में कितने बवाल हो जायें, यह बात फ्रिज स्मार्ट होकर भी नहीं जानता, जबकि यह साधारण-सी बात कितने ही गैर-स्मार्ट पतियों को भी पता है।

कल्पना करें एक सीन-रात को ग्यारह के बाद चुपके से घर में दाखिल पतिदेव सीधे सोने की गुजारिश कर रहे हैं, प ी से या मां से ज्यादा संवाद करने में उनकी कोई रुचि नहीं है। मां ने पूछा-कहां था।

पुत्र बता रहा है कि दफ्तर में घणा काम था।

मां ने समझा बेटा थककर आया है, सोने दो।

अगर लोकेशन का अंदाजा हो जाये घर पर रखे स्मार्ट फ्रिज से तो क्या होगा। तो होगा यह कि जिस वक्त पतिदेव गहन कार्य होने का दावा कर रहे थे, उसी वक्त उनकी लोकेशन टिप्सी बार में दिख रही थी। बार की लोकेशन कौन शेयर करना चाहता है। बल्कि बंदे तो यह चाहेंगे कि जब वह बार में हों तो सबको यही दिखे कि बंदा ओवरटाइम कर रहा है। ऐसे स्मार्ट साफ्टवेयर भी आयेंगे जो फर्जी लोकेशन घर वालों को दिखा सकें। अभी तो लोकेशन की जानकारी बहुत तरह से फंसवा सकती है। आप दफ्तर से उड़ी मार कर आये हैं रजनीकांत की फिल्म देखने और आपके बॉस को मैसेज जाता है कि आपसे कनेक्टेड कांटेक्ट आपसे पचास मीटर की दूरी पर बैठा है। आपका बॉस भी दफ्तर से उड़ी मारकर आया है रजनीकांत की फिल्म देखने। दोनों ने दफ्तर में झूठ बोला है-लोकेशन ने सच का सामना करवा दिया।

झूठ बोलने में आफतें आने लगें तो फिर बंदा करेगा क्या स्मार्टनेस का। और अब तक तो फोन ही स्मार्ट हुए करते थे। अब तो स्मार्ट फ्रिज भी आ रहे हैं। स्मार्ट टेबल, स्मार्ट कुर्सी भी आ रही है। बेटेराम बता रहे हैं पापा को कि पूरे तीन घंटे फिजिक्स पढ़ी है। स्मार्ट टेबल बता रही है सबको कि बरखुरदार सन्नी लियोनीजी की आत्मकथा पर आधारित फिल्म देखकर उठे हैं, क्योंकि स्मार्ट टेबल पर बेटेराम के उठते ही मैसेज आ गया कि अगर आपने सन्नी लियोनीजी पर आधारित फिल्म देखी है तो सन्नी लियोनीजी के दूसरे एक्शन्स में भी आपकी दिलचस्पी हो सकती है ये.. येज्ये और ये वाली फिल्में देख लें।

स्मार्ट होना हो तो बिना झूठ के काम चल सकता है क्या।

# जेटली की टिप्पणी से आरबीआई-सरकार के बीच बढ़ी दरार, उर्जित पटेल दे सकते हैं इस्तीफा



नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर उर्जित पटेल अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं. सीएनबीसी टीवी-18 की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि वित्त मंत्री अरुण जेटली के बयान के बाद आरबीआई और सरकार के बीच दरार बढ़ गई है. इसे देखते हुए आरबीआई गवर्नर इस्तीफा दे सकते हैं.

सीएनबीसी टीवी-18 ने इस मुद्दे पर सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रतिक्रिया जानने की कोशिश की है. लेकिन अब तक किसी भी पक्ष का कोई जवाब नहीं मिला है. आपको बता दें कि पिछले दिनों वित्त मंत्री अरुण जेटली ने एक कार्यक्रम में रिजर्व बैंक की जमकर आलोचना की थी. वित्त मंत्री जेटली ने कहा था कि जब 2008 से 2014 के बीच बैंक मनमाने ढंग से कर्ज दे रहे थे तो रिज़र्व बैंक इसकी अनदेखी करता रहा. इसके ठीक पहले आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने शुक्रवार को एक भाषण में कहा था कि सरकार अगर आरबीआई की स्वायत्तता में दखल देती है तो ये खासा नुकसानदेह हो सकता है. केंद्र सरकार इस बात से नाराज है कि आरबीआई के साथ उसके मतभेद सार्वजनिक क्यों हो गया है. सीनियर अधिकारियों ने रॉयटर्स से बातचीत में कहा कि सरकार को डर है कि इससे निवेशकों के बीच देश की छवि खराब न हो जाए.

# फेसबुक को तीसरी तिमाही में 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.14 अरब डॉलर लाभ हुआ



सैन फ्रांसिस्को। दुनिया की सबसे बड़ी और लोकप्रिय सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने बताया कि 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में उसका राजस्व 33 प्रतिशत बढ़कर 13.7 अरब डॉलर रहा और इस दौरान उसका मुनाफा 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.14 अरब डॉलर रहा। फेसबुक ने एक बयान में कहा कि सालाना आधार पर उसके मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 10 प्रतिशत बढ़कर 2.27 अरब हो गई, जबकि डेली एक्टिव यूजर्स की संख्या 1.49 अरब है। हालांकि फेसबुक का परिणाम विश्लेषकों के अनुमान से बेहतर रहा लेकिन आलोच्य अवधि के दौरान नए जुड़े यूजर्स की संख्या अनुमान से कम रही। पिछले कुछ समय में कंपनी का लगातार विवादों में फंसना इसकी वजह रही।इस बीच फेसबुक ने यूजर्स की जानकारियां साझा करने की नई नीतियों की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी अब पहले की तुलना में सीमित तरीके से ये जानकारियां साझा करेगी। कंपनी ने अपनी सेवाओं का बुरे तत्वों द्वारा दुरुपयोग रोकने के लिए निवेश करने की भी घोषणा की। परिणाम तथा आने वाले समय की चुनौतियों की घोषणा तथा अवसरों एवं यूजर्स के बदलते व्यवहार आदि के बारे में कंपनी द्वारा जानकारियां देने के बाद इसके शेयरों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। न्यूयॉर्क के नैसडैक में कंपनी का शेयर पहले उछला फिर गिरावट में आ गया और अंततः 3.1 प्रतिशत की तेजी के साथ 150.80 डॉलर पर पहुंच गया। कंपनी के कर्मचारियों की संख्या आलोच्य तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 45 प्रतिशत बढ़कर 33,606 पर पहुंच गई।सैन फ्रांसिस्को। दुनिया की सबसे बड़ी और लोकप्रिय सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने बताया कि 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में उसका राजस्व 33 प्रतिशत बढ़कर 13.7 अरब डॉलर रहा।


# ट्रेन का टिकट नहीं हुआ बुक पर कट गए पैसे! ऐसे आसानी से पाएं रिफंड

नई दिल्ली। अगर आप रेलवे की वेबसाइट आईआरसीटीसी के जरिये ट्रेन का टिकट बुक कर रहे हैं तो कई बार आपके बैंक अकाउंट से पैसा तो कट जाता है, लेकिन टिकट बुक नहीं होती. ऐसे में आपका परेशान होना लाजमी है. अब सवाल उठता है कि इस स्थिति में यूजर्स को क्या करना चाहिए. आपको बता दें कि इन मामलों में ग्राहकों को उसी दिन पैसा वापस नहीं मिलता, बल्कि उसके लिए दो से तीन दिन लगते हैं. आइए इसके बारे में विस्तार से जानें...

ऐसा क्यों होता- (1) एक्सपर्ट्स बताते हैं कि कई बार इनटरनेट स्लो या फिर तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण वेबसाइट या फिर ऐप से टिकट बुक नहीं होता और पैसे कट जाते हैं.

(2) यात्री टिकट बुक करते वक्त जिस बर्थ को चुनता है कई बार वो बर्थ उपलब्ध नहीं होने के चलते भी ऐसा हो जाता है. इसके अलावा नेटवर्क फेलियर की वजह से भी ऐसा होता है.

# राजधानी दिल्ली में मंगलवार को पेट्रोल 20 पैसे और डीजल सात पैसे सस्ता हो गया



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को पेट्रोल 20 पैसे और डीजल सात पैसे सस्ता हो गया। पेट्रोल के दाम लगातार 13वें दिन घटे हैं और इस दौरान दिल्ली में यह 3.08 रुपए प्रति लीटर सस्ता हुआ है।

इन 13 दिनों में डीजल के दाम 2.91 रुपए प्रति लीटर कम हुए हैं। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 79.55 रुपए और डीजल की 73.78 रुपए प्रति लीटर रह गई है।

# खलील अहमद को आईसीसी से लगी फटकार



नयी दिल्ली। भारतीय बायें हाथ के गेंदबाज खलील अहमद को मुंबई में खेले गये चौथे वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी मार्लोन सैम्युअल्स को आउट करने के बाद आपत्तिजनक प्रतिक्रिया देने के लिये आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से फटकार लगायी गयी है और एक डीमेरिट अंक भी दिया गया है। खलील ने वेस्टइंडीज की पारी के 14वें ओवर में सैम्युअल्स को आउट किया था और जब खिलाड़ी वापिस लौट रहे थे तो कई बार उनपर चिल्लाया था। इस मैच में खलील ने तीन विकेट निकाले थे और भारत ने 224 रन के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। भारत पांच मैचों की सीरीज में अब 2-1 से आगे है। भारतीय खिलाड़ी को उनके इस व्यवहार के लिये आईसीसी की आचार संहिता नियमों के तहत लेवन 1 अपराध का दोषी पाया गया है जिसमें उन्होंने नियम 2.5 का उल्लंघन किया है। यह नियम आपत्तिजनक भाषा, व्यवहार या गलत इशारे, आक्रामक प्रतिक्रिया से जुड़ा है।

# एसएस धोनी ने 13 साल पहले किया था ये कमाल, आज भी कायम है रिकॉर्ड

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 13 साल पहले आज ही के दिन श्रीलंका के छक्के छुड़ा दिए थे. जी हां! 31 अक्टूबर 2005 को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले गए वनडे में धोनी ने लंका के खिलाफ 145 गेंदों में 183 रन ठोक दिए थे. विकेट कीपर बल्लेबाज के तौर पर वनडे इतिहास का यह सबसे बड़ा निजी स्कोर रहा, जो आज भी कायम है. तब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट के 172 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ा था.

**विकेटकीपर बल्लेबाजः सर्वाधिक निजी स्कोर**

1. महेंद्र सिंह धोनीः 183* रन, 2005 (विरुद्ध श्रीलंका)
2. क्लिंटन डि कॉकः 178 रन, 2016 (विरुद्ध ऑस्ट्रेलिया)
3. एडम गिलक्रिस्टः 172 रन, 2004 (विरुद्ध जिम्बाब्वे)

श्रीलंका ने 299 का टारगेट देकर डराया था श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुमार संगकारा की 138 रनों की शानदार पारी की बदौलत 298 रनों का स्कोर खड़ा किया था. उन दिनों 299 का लक्ष्य काफी चुनौती पूर्ण होता था, लेकिन लंबे बाल वाले धोनी ने इस लक्ष्य को भी बौना साबित कर दिया.

# जानिए इन अपशकुनों के कारण होती हैं कार्य सिद्धि में बाधाएं उत्पन्न



समय कितना ही क्यों न बदल गया हो लेकिन आज के समय में भी लोग शकुन-अपशकुन को मानते हैं। किसी भी कार्य की शुरूआत करने से पहले शकुन- अपशकुन को देखते हैं। कुछ कार्य या चीजें ऐसी होती हैं जिन्हें कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला माना जाता है। ये माना जाता है कि अगर कार्य की शुरूआत से पहले ये अपशकुन हो जाएं तो कार्य में सफलता प्राप्त नहीं होती है। आइए जानते हैं इन अपशकुनों के बारे मे.... अगर कोई शुभ कार्य प्रारंभ हो रहा हो या व्यक्ति को कहीं जाना हो और उस समय कोई छींक दे तो इसे अपशकुन माना जाता है। ऐसे में कुछ देर रूकने के पश्चात कार्य को प्रारंभ करना चाहिए।

अगर आप यात्रा पर या किसी जरूरी कार्य से बाहर जा रहे हैं और बिल्ली आपका रास्ता काट जाती है तो उस मार्ग से नहीं निकलना चाहिए। इसे अपशकुन माना जाता है और कार्य सिद्धि में बाधाएं उत्पन्न होती हैं।

किसी आवश्यक कार्य पर जाते समय अगर आपको रास्ते में सर्प के दर्शन हो जाएं तो इससे कार्य में सफलता देरी से मिलती है।

## आज का राशिफल

मेषः आज आपका दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आपको आज नए कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी एवं नए कार्य प्रारंभ कर पाएंगे। आज नौकरी एवं व्यवसाय में आपको प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। बड़े लोगों से किसी कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। छोटे प्रवास का योग है।

वृषभः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। विचारों में खोए रहेंगे इसलिए कोई निश्चित निर्णय नहीं ले पाएंगे। आज कोई भी नए कार्य का प्रारंभ करना हितकारी नहीं है। आज किसी वाद-विवाद में ना उतरें।

मिथुनः आज मित्र या परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं। सुंदर वस्त्र धारण करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है। अधिक खर्च पर संयम रखें। आज मन से नकारात्मक विचारों को निकाल देने की सूचना गणेशजी देते हैं।

कर्कः आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। संबंधियों के साथ अनबन हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के पीछे खर्च हो सकता है। झगडे, मारामारी से दूर रहने की सूचना गणेशजी देते हैं।

सिंहः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण सामने आया हुआ अवसर गंवा सकते हैं। आपका मन विचारो में खोया रहेगा। नए कार्यों का आरंभ आज न करें।

कन्याः आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी होगा। नए कार्यों का आयोजन आज सफल होगा। व्यापारी के लिए लाभप्रद दिन है। अधिकारियों से लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा। पिता की ओर से लाभ होगा।

तुलाः आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कार्यों में सक्रिय रहेंगे। नए कार्य के प्रारंभ के लिए दिन अच्छा है। लंबे प्रवास या धार्मिक स्थल की मुलाकात करने का प्रसंग उपस्थित होगा। व्यवसाय में लाभ का अवसर मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह गणेशजी आपको देते है। नए कार्यों का प्रारंभ न करें एवं क्रोध पर संयम रखें। अनैतिक कामवृत्ति से दूर रहें। खान-पान पर ध्यान नहीं रखेंगे तो स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

धनुः आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद में व्यतीत होगा। आज आप मनोरंजन के दुनिया की सैर करेंगे। विपरीत लिंगीय व्यक्ति से भेंट रोमांचक रहेगी। विचार-परिवर्तन शीघ्र हो सकता है।

मकरः आपके व्यापार में आज विस्तार हो सकता है। इस दिशा में आप कदम आगे बढ़ाएंगे। धन की लेनदेन में सरलता रहेगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा।

कुंभः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज कोई भी नए कार्य का प्रारंभ न करें। आज आपके विचारो में परिवर्तन शीघ्र ही आएंगे।

मीनः मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कामकाज में तथा किसी का जमान होने के संबंध में सावधानी से काम लेने की गणेशजी की सलाह है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है जिसके कारण अनिद्रा परेशान कर सकती है।

# दीवाली में घर पर ऐसे बनाएं 'मिल्क केक'



दीवाली का त्योहार आने वाला है और सभी टेस्टी पकवान बनाने की इच्छा रखते हैं। दिवाली की मिठाइयों में सबसे ज्यादा पसंद अलवर का प्रसिद्द 'मिल्क केक' किया जाता हैं। सभी इसे बाजार से खरीद कर लाते हैं, लेकिन आजकल बाजार में मिलावट के चलते इसे घर पर बनाना ही सही रहता हैं। इसलिए आज हम आपके लिए अलवर का प्रसिद्द 'मिल्क केक' बनाने की द्रष्ड्थद्र लेकर आए हैं। आइए जानते इसे बनाने की रेसिपी-

आवश्यक सामग्री-

1 लीटर दूध

2 चुटकी फिटकरी

100 ग्राम चीनी

2 बड़ा चम्मच घी

सुबह के नाश्ते में बनाएं टेस्टी और हेल्दी लजीज खांडवी

बनाने की विधि-

सबसे पहले एक बड़े पैन में दूध डालकर गर्म होने के लिए रखें। जब इसमें उबाल आ जाए तो फिटकरी डाल दें। फिटकरी डालने से दूध फटकर दानेदार हो जाएगा।

फिर दूध को चलाने हुए गाढ़ा होने तक पकाएं।

जब दूध गाढ़ा हो जाए तो इसमें चीनी डाल दें।

इसे अच्छी तरह चलाते हुए पकाएं।

8-10 मिनट पकाने के बाद इसमें घी मिला लें।

इस मिश्रण को तब तक चलाते हुए पकाएं जब तक यह गाढ़ा न हो जाए और इसका कलर बदल न जाए।

जब मिश्रण का रंग बदल जाए तो इसे गहरे तली वाली प्लेट या थाली में निकालकर 2-3 घंटे के लिए ठंडा होने के लिए रख दें।

तय समय बाद इसे मनचाहे आकार में मिल्क केक काट लें।

# शब्द सामर्थ्य-75

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 74 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# सू-दोकू-75

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 74 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |